# बोर्ड ऑफिस चौराहे पर नहीं सुधर रही ट्रैफिक व्यवस्था

## ऑटो और ई-रिक्शा चालक करते हैं मनमानी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल,11 फरवरी. बोर्ड ऑफिस चौराहे पर ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी का सिलसिला लगातार चल रहा है, जिसके चलते यातायात व्यवस्था अराजक हो गई है.**





चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की स्थिति नजर नहीं आ रही है. देर शाम के समय प्रगति चौराहे की तरफ जाने वाले मार्ग पर ऑटो और रिक्शा चालक जाम की स्थिति लगातार पैदा करते दिखते हैं. इससे जहां यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, वहीं सड़क पर आवागमन करने वाले राहगीर परेशान हो रहे हैं. इसके चलते दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है. बोर्ड ऑफिस चौराहे के टर्निंग प्वाइंट पर आटो और ई-रिक्शा वाहन अक्सर खड़े होते दिखते हैं. इस मौके पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी नदारद दिखते हैं. नवभारत ने 3 दिन पहले भी इस मामले को प्रमुखता से उठाया था, लेकिन स्थिति जस की तस नजर आ रही है.

> यातायात एसीपी जोन-2 मिलन जैन ने इस समस्या को लेकर बताया कि वह दिन के समय कई बार बोर्ड ऑफिस चौराहे का दौरा करते हुए कार्रवाई कराती हैं. देर शाम को चौराहे पर होने वाली समस्या को जल्द ही खत्म करने की बात उन्होंने कही है. एसीपी जोन-2 ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था को ठीक रखने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिन स्थानों पर वाहन चालक मनमानी करते नजर आ रहे हैं वहां पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौजूद होकर यातायात नियमों का पालन करा रहे हैं.

# प्राइवेट कॉलेज के प्रोफेसर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## 6 महीने से किराए के मकान में रह रहा था

**भोपाल, 11 फरवरी. रातीबड़ इलाके में रहने वाले प्राइवेट कॉलेज के प्रोफेसर ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया. बुधवार सुबह परिजनों ने बॉडी देखने के बाद पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.**

मृतक के कमरे से पुलिस को सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने बीमारी के चलते जान देने की बात लिखी है. हालांकि परिजनों ने उसे किसी भी तरह की गंभीर बीमारी होने से इनकार किया है. पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है. 32 वर्षीय शैलेंद्र सिंह ठाकुर पुत्र महेंद्र सिंह ठाकुर गोल्डन सिटी रातीबड़ में किराए से रहते थे. वह मूल रूप से सीहोर जिले के आष्टा स्थित गोपालपुर गांव के रहने वाले थे. बीते 6 महीने से भोपाल में किराए का कमरा लेकर रहते थे और रातीबड़ के ही प्राइवेट कॉलेज में बतौर प्रोफेसर जॉब कर रहे थे. उनके भाई ने पुलिस को बताया कि शैलेंद्र को किसी तरह की गंभीर बीमारी नहीं थी.

## एक नजर में

### 5 लाख उपभोक्ताओं ने लिया सरचार्ज में छूट का लाभ

**भोपाल.** समाधान योजना 2025-26 का द्वितीय व अंतिम चरण 28 फरवरी तक लागू है. इस दौरान तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एक मुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है. कंपनी ने कहा है कि पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया. मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 5 लाख 50 हजार 475 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है.

### अयोध्या बायपास के चौड़ीकरण का काम जारी

**भोपाल.** अयोध्या बायपास के चौड़ीकरण का काम तेजी से चल रहा है. यहां रोड चौड़ीकरण में कई दुकानें, मकान और धार्मिक स्थल व सरकारी भवन बाधा बन रहे हैं, जिन्हें हटाने की तैयारी प्रशासन ने शुरू कर दी है. प्रशासन ने बायपास चौड़ीकरण में बाधा बन रही केसर बस्ती की करीब 90 झुग्गियों को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और इन झुग्गियों में रहने वाले परिवारों को नोटिस जारी कर दिए हैं. नेशनल हाईवे-146 पर 836.91 करोड़ रुपये की लागत से आशाराम तिराहा से रत्नागिरी तिराहे तक 16 किलोमीटर लंबी 10 लेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है. रोड चौड़ीकरण का काम काफी तेजी से चल रहा है और बाधा बन रही 146 दुकानों को प्रशासन हटा चुका है. इसके साथ ही रोड चौड़ीकरण की जद में आ रहे तीन धार्मिक स्थलों, एक पुलिस चौकी और एक वार्ड कार्यालय को हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट करने का काम भी किया जा रहा है.

### अतिक्रमण शाखा के कर्मचारियों की मीटिंग

**भोपाल.** शादी हॉल में अतिक्रमण शाखा के समस्त कर्मचारियों की मीटिंग हुई. कार्यक्रम का प्रदेश अध्यक्ष मगनलाल झांझोंट की अध्यक्षता में शुभारंभ हुआ. जिला अध्यक्ष अनिल श्रवण ने कार्यक्रम का संचालन किया. विभाग के कर्मचारियों ने अपनी परेशानियां प्रदेश अध्यक्ष मगनलाल झांझोंट के समक्ष रखी.



## शोकसभा में 'लेट्स शेयर सेंटर' शुरू करने की घोषणा

*मृतका रोशनी कलेश के अभिभावकों एवं परिजनों से अधिष्ठाता डॉ. कविता एन सिंह ने मिलकर बात की. इसके बाद जीएमसी के सभागार में मृतका छात्रा की आत्मा की शांति के लिए शोकसभा का आयोजन किया. इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि संपूर्ण जीएमसी प्रबंधन एवं सभी शिक्षकगण तनाव से उभरने में छात्र-छात्राओं को सहायता देने के लिए तत्पर हैं. इसके साथ ही अधिष्ठाता ने कॉलेज परिसर में 'लेट्स शेयर एंड केयर सेंटर' की शुरुआत करने की घोषणा की. जहां पर मानसिक स्वास्थ पर, छात्र कल्याण पर, छात्रों की प्रगति एवं विकास पर चर्चा की जाएगी एवं संयुक्त निर्णय लिये जाएंगे. प्रत्येक माह की 10 तारीख को प्रत्येक विभाग में स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रछात्राओं के लिए एटकॉम से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा.*

# एसिड पीने से हुई थी रोशनी की मौत

## शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में हुई पुष्टि

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 11 फरवरी. गांधी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की छात्रा रही रोशनी की शार्ट पीएम रिपोर्ट में एसिड पीने से मौत की पुष्टि हुई है.**

कोहेफिजा थाना पुलिस मामले में जांच कर रही है. 19 वर्षीय छात्रा रोशनी की मंगलवार को संदिग्ध हालत में मौत का मामला सामने आया था. रोशनी कोहेफिजा इलाके में निजी छात्रावास में रहती थी.

रोशनी जिस कमरे में रहती थी, वहां के बाथरूम में उसे अचेत अवस्था में देखा गया. रोशनी के पास से मिली एसिड की बोतल भी को जब्त किया गया है. मर्ग कायम कर कोहेफिजा थाना पुलिस जांच कर रही है. रोशनी के बारे में कथित तौर पर यह जानकारी सामने आई है कि उस पर पढ़ाई का तनाव लगातार बना हुआ था, जिसे वह झेल भी नहीं पा रही थी. एक सप्ताह पहले रोशनी अपने गृहनगर अलीराजपुर से भोपाल आई थी. बता दें कि रोशनी ने 4 महीने पहले एमबीबीएस में एडमिशन लिया था. रोशनी की अचानक मौत की घटना सामने आने पर उसके सहयोगी भी चिंतित हैं. कोहेफिजा पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है.

# फॉर्म 7 को लेकर मतदाताओं ने सौंपा शिकायत पत्र

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 11 फरवरी. बाणगंगा क्षेत्र के मतदाताओं ने बुधवार को टीटी नगर की एसडीएम अर्चना शर्मा को फॉर्म 7 के कथित दुरुपयोग के संबंध में एक औपचारिक शिकायत सौंपते हुए मतदाता सूची से नाम हटाने के प्रयास का आरोप लगाया. यह शिकायत पूर्व मंत्री पीसी शर्मा के नेतृत्व में दी गई.**



शिकायतकर्ताओं के अनुसार, एक व्यक्ति द्वारा फॉर्म 7 के माध्यम से कुछ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए आपत्तियां दर्ज कराई गईं, जबकि संबंधित मतदाताओं को इसकी कोई जानकारी नहीं थी और न ही उन्होंने ऐसी कोई आपत्ति दर्ज कराई. प्रभावित मतदाताओं में से एक स्वयं एसडीएम कार्यालय पहुंचा और स्पष्ट किया कि उसकी ओर से कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई है. उसने आरोप लगाया कि उसके नाम से झूठी शिकायत दर्ज कराई गई है. प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष और शीघ्र जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की.

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, पूर्व पार्षद हरिराम प्रजापति, राकेश मिश्रा, नसीम खान, दिलीप मास्के, पूनम राय, प्रमोद सोमकुमार, उमेश बाथम, सिराज खान, शाहिद, शेख मतीन, प्रेम रायकवार, महेंद्र विश्वकर्मा, ललती प्रजापति और शोएब खान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे.

# 5 हजार रुपये का फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, 11फरवरी. ऐशबाग थाना पुलिस ने गौवंश के मामले में 5 हजार रुपये के फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं.**

पुलिस के मुताबिक मंगलवार को देर रात पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति पुष्पा नगर पार्किंग ग्राउंड के पास अवैध देशी पिस्टल लिए घूम रहा है. मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा. पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मोहम्मद अमन (25) कम्मू का बाग का बताया. तलाशी के दौरान उसके पास से मिलेअवैध हथियारों के बारे में वह कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया.

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर कार्रवाई की. आरोपी के खिलाफ गौवंश वध का मामला दर्ज था और उस पर 5 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था. फरारी इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया.



## परेशानी का सबब बना गड्ढा

**भोपाल.** लालाघाटी चौराहे पर बड़ा गड्ढा हो जाने से वाहन चालक असंतुलित हो रहे हैं, जब कि इस मार्ग पर वीआईपी लोगों का लगभग हर रोज आवागमन बना होता है. इसके बावजूद भी जिम्मेदारों का इस पर ध्यान नहीं जा रहा है.

# पर्व के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर चर्चा

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 11 फरवरी. ईंटखेड़ी थाना परिसर में आगामी त्यौहार शिवरात्रि , रमजान के उपलक्ष्य में शांति समिति और ग्राम समिति की बैठक बुधवार को हुई. बैठक में एसडीओपी ईंटखेड़ी मंजू चौहान और थाना प्रभारी आशीष सप्रे ने समिति सदस्यों जनप्रतिनिधि ग्रामीणों से चर्चा की.**



ईंटखेड़ी थाना परिसर में बैठक

बैठक में शिवरात्रि पर्व पर निकलने वाली शिव बारात मार्ग व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली. साथ ही रमजान के महीने में होने वाली नमाज स्थल व्यवस्था के संबंध मे चर्चा की. बैठक में साइबर फ्रॉड के तरीकों के बारे में जागरूक करते हुए फ्रॉड से बचाव के टिप्स भी दिए. इसके अलावा सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी भी दी. बैठक में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि, सरपंच, ग्राम रक्षा समिति सदस्य उपस्थित रहे.

# व्यवसायी के साथ डेढ़ लाख रुपये की ठगी

## निवेश के नाम पर जालसाजों ने भेजा था लिंक

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल,11 फरवरी. पिपलानी थाना इलाके में एक व्यवसायी के साथ करीब डेढ़ लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है. पीड़ित ने थाने में अज्ञात साइबर जालसाजों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है. पिपलानी पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है.**




मिली जानकारी के मुताबिक व्यवसायी जगदीश सिंह (50) कर्मवीर नगर पिपलानी में रहते हैं. जगदीश ने पुलिस को बताया कि वह ऑक्सीजन सिलेंडर की सप्लाई करने का काम करते हैं. उनके पास करीब एक महीने पहले वाट्सएप नंबर पर एक लिंक आई. उन्होंने जैसे ही उसे खोला तो एक ग्रुप में वह एड कर लिए गए. इस ग्रुप में कई मेंबर थे, जो कि ट्रेड में निवेश का काम ऑनलाइन तरीके से कर रहे थे. वह अलग-अलग कंपनियों में पैसा लगाते थे, जिसके बाद उन्हें मुनाफा होता था. जगदीश भी इस झांसे में आने लगे और उन्होंने भी ट्रेड में निवेश के लिए शुरूआत में 2 हजार रुपये लगा दिए. इसका उनको फायदा भी दिखा और वह लगातार रकम लगाते गए. उन्होंने जब 1 लाख 59 हजार रुपये का निवेश किया, तो इसके बाद उन्हें कोई भी मुनाफा उस ग्रुप में दिखाया नहीं गया. संबंधितों से संपर्क करने की उन्होंने कोशिश की, लेकिन कोई रिश्पांस नहीं मिला. ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने पिपलानी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## घायल युवक की मौत

आनंद नगर में मंगलवार रात 11.30 बजे एक ट्रक ने बाइक सवार युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान बुधवार सुबह मौत हो गई. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. आरोपी चालक ट्रक सहित फरार हो गया है. पिपलानी पुलिस के मुताबिक प्रवेश जाटव (30) निवासी आनंद नगर के पास में स्थित एक टेंट हाउस में नौकरी करता था. मंगलवार रात वह काम से घर लौट रहा था. तभी हादसा हो गया था.

**प्रेस वार्ता** ▶ पुलिस आयुक्त भोपाल संजय कुमार ने दी जानकारी

# ईरानी डेरे से 8 महिला और 31 पुरुष गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 11 फरवरी. पुलिस आयुक्त भोपाल संजय कुमार ने ईरानी डेरे के अमन कॉलोनी में पुलिस की दबिश के दौरान पकड़े गए बदमाशों को लेकर जानकारी साझा की.**




बुधवार को कमिश्नर कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान संजय कुमार ने बताया कि 8 महिला और 31 पुरुष आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया है. आरोपियों के पास से चोरी के सामान भी बरामद किए गए हैं. पुलिस आयुक्त ने कहा कि अमन कॉलोनी ईरानी डेरा की घेराबंदी कर आरोपियों की तलाश की गई, जहां ईरानी समाज के लोगों ने एकजुट होकर पुलिस कार्यवाही में बाधा डाली. कानूनी तौर पर ऐसे लोगों के खिलाफ भी कार्यवाही करते हुए गिरफ्तारियां की गई. उन्होंने कहा कि पुलिस की दबिश में कुख्यात, इनामी अपराधियों को पकड़ने में सफलता पाई गई. सभी अपराधियों पर कई गंभीर किस्म के आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं ,जो लंबे समय से फरार चल रहे थे. गिरफ्तार अपराधियों में कई दूसरे राज्य के भी निवासी हैं और कुछ बदमाशों को कई राज्यों की पुलिस तलाश रही है, जिनके ऊपर इनाम भी घोषित है. संजय कुमार ने बताया कि पुलिस की गिरफ्त में आए बदमाशों में से 5 स्थाई वारंटी, जिनके विरूद्ध 7 स्थाई वारंट जारी हुए थे.

> बदमाशों से चोरी के संदेह में 17 दो पहिया वाहन, 39 मोबाइल, 640 ग्राम सोने एवं 240 ग्राम चांदी के जेवरात पुलिस ने जब्त किए. महिला आरोपी नाजमा पति हबीब अली अमन कॉलोनी के पास से कुल 1 किलो 700 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) जब्त कर कार्यवाई की जा रही हैं. उन्होंने बताया कि पिछले कई महीनों से थाना निशातपुरा में अन्य राज्यों व जिलों से कई बार आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें आ रही थीं, जिनके आरोपी थाना निशातपुरा स्थित अमन कॉलोनी में छुपे होने की सूचना थी.

# 408 आरोपी एक ही रात में गिरफ्तार

## भोपाल पुलिस की कांबिंग गश्त

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 11 फरवरी. शहर में आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए भोपाल पुलिस कमिश्नरेट ने कांबिंग गश्त में 283 स्थाई वारंटी एवं 125 गिरफ्तारी वारंटी समेत 408 आरोपियों को गिरफ्तार किया.**



इसके साथ ही गंभीर मामलों में फरार आरोपी, पूर्व वाहन चोर, नकबजन, जिला बदर समेत 21 अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है. पुलिस कमिश्नर संजय कुमार द्वारा बदमाशों की धरपकड़ के लिए मंगलवार को देर रात कांबिंग गश्त की गई. गश्त में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था अवधेश गोस्वामी, पुलिस उपायुक्त जोन-2 विवेक सिंह, पुलिस उपायुक्त आसुचना/सुरक्षा सोनाक्षी सक्सेना, पुलिस उपायुक्त जोन-4 मयूर खंडेलवाल और समस्त अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त एवं थाना प्रभारी पुलिस कंट्रोल रूम में उपस्थित हुए, जिन्हें स्वयं पुलिस कमिश्नर संजय कुमार द्वारा ब्रीफ कर फोर्स को रवाना किया गया.

भोपाल पुलिस समय-समय पर अपराधियों पर कड़ा नियंत्रण करने के लिये कांबिंग गश्त करती रही है. इसी कड़ी में कमिश्नर प्रणाली के बाद यह 19वीं कांबिंग गश्त थी. कांबिंग गश्त में 8 अपराधी जो कि लंबित गंभीर अपराधों में वांछित थे, उन्हें गिरफ्तार किया गया. थाना ऐशबाग पुलिस द्वारा गोवंश मामले में फरार 5000/- रुपये के इनामी आरोपी मोहम्मद अमन (25) निवासी ऐशबाग को गिरफतार किया गया है और थाना अशोका गार्डन पुलिस द्वारा 2000 रुपये के इनामी बदमाश को गिरफतार किया गया है.